लीगल ओम्बुड्समैन

मदद करने के लिए उपस्थित अगर आपके वकील के बारे में शिकायत हो तो क्या करें

कानूनी शिकायतों में मदद करने के लिए हम उपस्थित हैं

हम क्या करते हैं?

हम आपको उन शिकायतों को सुलझाने में मदद करते हैं जो उन वकीलों से संबंधित हैं जिन्होंने आपके लिए काम किया है लेकिन हम केवल तब ही यह कर सकते हैं जब आपने उनके पास शिकायत दायर की हो।

हमारी सेवा मुफ्त है।

हम निष्पक्ष हैं और हम पक्षपात नहीं करते। हम न्यायालयों का हिस्सा नहीं हैं और हम वकीलों के लिए काम नहीं करते हैं। एक उचित परिणाम तक पहुँचने के लिए हम आपकी शिकायत से जुड़े तथ्यों पर गौर करेंगे।

अगर हमें लगे कि वकीलों ने कुछ गलत किया है तो हमारे पास चीजों को सुधारने की शक्तियां हैं। लेकिन आपको पहले अपने वकील से शिकायत करनी होगी।

हम किन चीजों में आपकी मदद कर सकते हैं?

हम विभिन्न प्रकार की शिकायतों पर गौर कर सकते हैं।

उदाहरणार्थ अगर आप अपने वकील द्वारा संभाले गए निम्नलिखित कार्यों के प्रकार से नाखुश हैं:

- आपके लिए पैरोल से जुड़े मामलों को संभालना
- पर्सनल इंजरी क्लेम (निजी चोट से जुड़ा क्लेम) या किसी क्लिनिकल नेग्लिजंस मैटर (नैदानिक लापरवाही से जुड़ा मामला) पर कार्यवाही
- अपराध की सुनवाई के परिणाम पर कार्यवाही
- न्यायालय में आपका प्रतिनिधित्व
- सजा या दोषसिद्धि के विरुद्ध किसी अपील को संभालने का कार्य
- किसी ट्रांसफर (स्थानांतरण) या मामले के वर्ग को बदलने के कार्य में आपकी मदद करना
- वसीयत, या परिवार या बच्चों से जुड़े मामलों को संभालने का कार्य

हम उन चीजों पर गौर नहीं कर सकते हैं जिन पर न्यायालय ने निर्णय लिया है बल्कि हम केवल आपके वकील द्वारा किए गए काम पर गौर कर सकते हैं। अगर हम आपकी मदद नहीं कर सकते हैं तो हम शायद आपको बता सकें कि कौन आपकी मदद कर सकता है।

हम आपको कारागार से बाहर नहीं निकाल सकते हैं अथवा ना ही आपकी सजा को बदलवा सकते हैं या उसे कम कर सकते हैं।

कौन लीगल ओम्बुड्समैन का प्रयोग कर सकता है?

हमारी सेवा प्रायः सभी के लिए खुली हुई है। एक कैदी (दोषसिद्ध, रिमांड पर, दीवानी कैदी, अल्प वयस्क अपराधी, और आप्रवासान केंद्र में बंदी बना कर रखे गए लोग) होने के नाते आपके पास हमारी सेवा का प्रयोग करने का अधिकार है।

किसे हमारे साथ संपर्क करना चाहिए?

अगर आप स्वयं हमारे साथ संपर्क करें तो वह सबसे अच्छा होगा। लेकिन हम समझते हैं कि कभी कभी ऐसा करना आसान नहीं होता। कोई और आपकी ओर से फोन कर सकता है जैसे कि परिवार का सदस्य या कोई दोस्त, लेकिन हमें इस बात की जांच करनी होगी कि आपने इसके लिए अपनी सहमति दी है और वे आपकी ओर से बात कर सकते हैं।

अगर आप किसी को अपनी ओर से बात करने के लिए पैसे देते हैं तो आपको स्वयं उन पैसों का भुगतान करना होगा।

किस प्रकार से शिकायत करें

चरण 1. अपने वकील को बताएं

अगर कोई समस्या है या आप किसी चीज से नाखुश हैं तो आपको पहले अपने वकील को बताना होगा ताकि उन्हें उसे सुलझाने का अवसर मिले।

उन्हें बताएं कि आप यथासंभव जल्द से जल्द शिकायत करना चाहते हैं। इस बात को बहुत लंबे समय तक ना रख छोड़ें।

अगर आपके वकील से संपर्क करने में आपको कोई भी समस्याएं हों और आपको पता नहीं है कि आगे क्या करना चाहिए तो कृपया हमसे संपर्क करें।

चरण 2. चीजों को सुलझाने के लिए अपने वकील को यथेष्ट समय दें।

चीजों को सुलझाने के लिए अपने वकील को आठ सप्ताहों का समय दें।

अगर आठ सप्ताहों के बाद आप फिर भी नाखुश हैं तो यथासंभव जल्द से जल्द हमें सूचित करें। इसका कारण यह है कि शिकायत करने के लिए समय सीमाएं होती हैं।

चरण 3. हमारे पास शिकायत करें

अपने वकील के साथ चीजों को सुलझाने का प्रयास करने के बाद यथासंभव जल्द से जल्द हमारे पास आएं।

अगर आप उनके अंतिम उत्तर से खुश नहीं हैं तो हमारे पास शिकायत दर्ज करने के लिए आपके पास केवल छः महीनों का समय है।

अगर आप हमें निम्नलिखित बता सकें तो वह सहायक होगा:

- आपके वकील का नाम और पता
- वह तारीख जब आपने पहली बार उन्हें सूचित किया था कि आपके पास कोई शिकायत है
- वह तारीख जब आपने पहली बार उस समस्या पर गौर किया जिसके बारे में आप शिकायत कर रहे हैं
- उन्होंने उसके बारे में आपको क्या कहा है

हमें कोई भी मूल दस्तावेज ना भेजें क्योंकि हमारे द्वारा प्राप्त किए जाने के बाद सभी दस्तावेजों को नष्ट कर दिया जाता है।

आगे क्या होगा?

जो उचित है उस पर सभी को सहमत करवा कर हम अपने द्वारा गौर किए जाने वाले अधिकांश शिकायतों का जल्द ही समाधान करवाते हैं। अगर आवश्यकता हो तो हम किसी समस्या पर अधिक विस्तारपूर्वक गौर कर सकते हैं लेकिन इसमें अधिक समय लगता है।

अगर आपको लगता है कि आपके वकीलों ने अच्छी तरह से काम नहीं किया है तो हम उन्हें निम्नलिखित करने के लिए कह सकते हैं:

- आपसे क्षमा मांगना
- आपको वह जानकारी प्रदान करना जिसकी आपको जरूरत है या आपको आपके दस्तावेज वापस लौटाना
- आपके लिए अधिक काम करना
- आपको आपके कुछ या सारे पैसे वापस लौटाना, अगर आपने स्वयं उनका भुगतान किया है।
- अगर आप हार गए हैं या आपके साथ बुरा व्यवहार किया गया है तो आपको कुछ पैसे देना। यह राशि £50,000 तक हो सकती है लेकिन साधारणतः यह £250 या उससे कम होती है।

हमारे साथ किस प्रकार से संपर्क करें

निम्नलिखित पते पर हमें लिखें:

Legal Ombudsman PO Box 6806

Wolverhampton

WV1 9WJ

कृपया ध्यान दें कि हम नियम 39 के अंतर्गत नहीं आते हैं इसलिए कृपया अपने संचार पर गोपनीय पहुँच लिखें।

निम्नलिखित पर हमें फोन करें:

0300 555 0333

सुबह 8.30 बजे से शाम के 5.30 बजे तक

कॉल मुफ्त नहीं हैं – आपको उनके लिए भुगतान करना होगा। आप कह सकते हैं कि इस नंबर को आपके पिन पर डाला जाए।

हमारा मिनीकॉम नंबर निम्नलिखित है:

0300 555 1777

सुबह 8.30 बजे से शाम के 5.30 बजे तक

अगर आपका कारागार ईमेल अ प्रिजन सर्विस (किसी कारागार को ईमेल भेजने की सेवा) का प्रयोग करता है तो हम शायद आपको इस पद्धति से संपर्क करने की चयन कर सकते हैं।

अगर आपको यह जानकारी किसी अन्य भाषा, बड़े मुद्रण, ब्रेल या ऑडियो सीडी पर चाहिए तो कृपया संपर्क करें।